# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/3091
दिनांकः 29.10.2020

**अति आवश्यक**

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

**विषय :** विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली आगामी समस्त पाठयक्रमों की परीक्षाओं हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर सी0सी0टी0वी (ओडियों सहित) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित परीक्षाओं को सुचारू रूप से नकल विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पूर्व में प्रदान किये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में सन्दर्भित परीक्षाओं हेतु बनाये जाने वाले समस्त परीक्षा केन्द्रों के परीक्षा कक्षों में आगे एवं पीछे की ओर सी0सी0टी0वी0 (ओडियो सहित) लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, का संज्ञान लेने का कष्ट करें।

उक्त के सम्बन्ध में निदेशानुसार अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की आगामी समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्र बनाये जाने की प्रक्रिया को दृष्टिगत रखते हुये सभी महाविद्यालयों/संस्थानों में **अनिवार्य रूप से कक्ष के आगे व पीछे के भाग में दो कैमरों (ओडियो सहित)/डी0वी0आर0** की व्यवस्था अतिशीघ्र सुनिश्चित करते हुये विश्वविद्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित कर लें कि लगाये गये कैमरें/डी0वी0आर0 भली–भाँति कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं।

भवदीय
29/10/2020
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

01. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
05. सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

29/10/2020
परीक्षा नियंत्रक